उत्तराखण्ड सरकार
जिला सूचना अधिकारी कार्यालय उत्तरकाशी
गंगोत्री भवन, जिला कार्यालय परिसर
ई–मेल -dinfouki@gmail.com दूरभाष :– 01374–222213 / फैक्स–222213

प्रेस नोट

## जिलाधिकारी ने ली भागीरथी इको सेंसटिव जोन की बैठक दिए महत्वपूर्ण निर्देश

## इको सेंसटिव जोन से संबंधित 9 प्रस्तावों पर हुई चर्चा

जनपद के ईको सेंसटिव जोन में विकास कार्यों और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य द्वारा कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ईको सेंसटिव जोन में चल रही गतिविधियों, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और इन क्षेत्रों में पारिस्थितिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से लेकर गोमुख तक के क्षेत्र को घोषित किए गए भागीरथी ईकों सेंसेटिव जोन के अंतर्गत अनुमत एवं विनियमित गतिविधियों तथा निर्माण कार्यों के लिए मॉनीटरिंग कमेटी का अनुमोदन लिए जाने की व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने ईको सेंसटिव जोन में अलाउड, परमिटेड,और रेगुलेटेड वर्गों को विशेष ध्यान में रखते हुए परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को हुई बैठक में भागीरथी ईको सेंसटिव जोन से संबंधित विभिन्न विभागों के कुल 9 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ईको सेंसटिव जोन में पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और सेंसेटिव जोन में ऐसी परियोजनाएं शुरू की जाएं जो पर्यावरण के अनुकूल हों और स्थानीय लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक हों।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलूनी,अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड उत्तरकाशी ,जिला पर्यटन विकास अधिकारी के.के जोशी, बीडीओ भटवाड़ी अमित ममगई, सहित संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

जिला सूचना अधिकारी
उत्तरकाशी।